


RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 16 अंक :194 29 सितंबर 2021 मूल्य : 30/-प्रति







बड़ा रामद्वारा सूरसागर के नवनिर्मित द्वार का विहंगम दृश्य

महंत परमहंस 108
## श्री रामप्रसादजी महाराज

के 50 जन्मोत्सव अवतरण दिवस पर हार्दिक बधाई एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएं।



## शुभम कुशवाहा

बिहार कटियार निवासी के भारतीय प्रशासनिक सेवा (I.A.S.) में देश में प्रथ आने पर हार्दिक बधाई




## सुश्री श्रीसैनी

श्री सैनी मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला

# अंतर्राष्ट्रीय मैचों से राजस्थान में लौटेगा क्रिकेट का 'वैभव'



ललित मोदी के सस्पेंड रहते राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी मिलनी बंद हो गई थी। करीब छह साल तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्धबीसीसीआईत्र को आरसीए को सस्पेंड रखा। 11 दिसंबर 2017 को दिल्ली में हुई स्पेशल जनरल बश्वडी में बीसीसीआई ने कुछ शर्तों के साथ आरसीए के सस्पेंशन को रिवोक करने का फैसला लिया। इसके बाद भी करीब 4 साल बाद राजस्थान द्धजयपुरत्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी मिली है। करीब चार महीनों में ही जयपुर दो अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन करेगा। अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी मिलने से आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा, श्अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी मिलने से राजस्थान की क्रिकेट पटरी पर आएगी। हम राजस्थान क्रिकेट संघ के संरक्षक सीपी जोशी के अनुभव का लाभ उठाते हुए इन अंतरराष्ट्रीय मैचों की शानदार मेजबानी करेंगे।श कई बार गांगुली-शाह से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए कहा रू वैभव गहलोत ने कहा, श्मेरी कई बार बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगली और सचिव जय शाह से मुलाकात हुई। कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद में मेरी मुलाकात हुई। हर बार मैंने इस बात को उठाया कि जयपुर को अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी मिलने चाहिए। मैं बीसीसीआई अध्यक्ष और सचिव को अंतरराष्ट्रीय मैच आवंटित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैंने आज ही जय शाह से बात की। इससे पहले मैंने केन्द्र सरकार में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी मुलाकात कर इस बारे में चर्चा की थी। जल्दी करेंगे आयोजन के लिए कमेटियों का गठन रू वैभव गहलोत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के लिए जल्दी ही कमेटियों का गठन किया जाएगा। मंगलवार को आरसीए की एजीएम भी है। इसमें भी विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी मिलने को लेकर चर्चा की जा सकती है। 16 अक्टूबर 2013 में आखिरी वनडे मैच जयपुर में हुआ था। भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था।



## श्री सैनी मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनने वाली पहली भारतीय




मूलतः पंजाब के अबोहर से संबंध रखने वाली श्री सैनी को मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 चुना गया है। उनके नाना-नानी अबोहर से हैं। 5 साल की उम्र में वह यूएस चली गई थीं। मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताजपोशी समारोह लश्वस एंजिल्स में आयोजित किया गया, जिसमें श्रीसैनी को डायना हेडन, मिस वर्ल्ड 2017 और तान्या मेमे, मिस वर्ल्ड कनाडा 2013 की ओर से ताज पहनाया गया। श्रीसैनी मिस वर्ल्ड पेजेंट में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय अमेरिकी हैं। श्री सैनी वर्तमान में मिस वर्ल्ड अमेरिका वाशिगटन हैं, एमडब्ल्यूए नेशनल ब्यूटी विद ए पर्पस एंबेसेडर भी हैं। श्रीसैनी ने कहा, श्मैं खुश हूं

और काफी घबराई हुई हूं। सारा श्रेय मेरे मातापिता को जाता है, खासकर मेरी मां, जिनके समर्थन के कारण मैं यहां हैं। इस सम्मान के लिए मिस वर्ल्ड अमेरिका को धन्यवाद।श इंस्टाग्राम पर लिखा, श्मैं भारतीय मूल की पहली अमेरिकी और मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनने वाली पहली एशियाई हूँ।ष

## संपादक की कलम से...

# समय का महत्व...

समय का हमारे जीवन से कई महत्वपूर्ण रिश्ता है। जब मनुष्य का जन्म होता है, तब से समय सदैव उसके साथ बना रहता है उसके अंत समय पर ही उसके साथ उसका समय समाप्त हो जाता है। यद्यपि मनुष्य जन्म लेते है और मर जाते है, परन्तु समय निरंतर अपनी धूरी पर चलता ही रहता है। वह शांत निश्चल भाव से बिना किसी भेदभाव के निरंतर गति से चलता रहता हैं समय का कार्य मात्र वर्षो व दिनों को दर्शान तक ही सीमित नहीं है। वह यह भी दिखाता है कि हमने अपने जीवन में काल में उसका (समय) सदुपयोग किया है या सदुपयोग। इस संसार में इस समय अरबों की संख्या में मनुष्य रहते है पर उनमें से कुछ ही समय का सदुपयोग कर उन्नति प्राप्त करते है सभी मनुष्यों के लिए यह संभव नहीं होता क्योंकि वे अपने समय का मूल्य न जानकर उसका सदुपयोग नहीं कर पाते और उनका अपव्यय करते हैं वे अपने सम्पूर्ण जीवन में इसी दुख से पीड़ित रहते है कि उन्होंने समय पर कुछ नहीं किया। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। यदि समय को सही तरह से व्यवस्थित किया जाये तो अपने जीवन को एक नई दिशा दी जा सकती है। ऐसे कई उदाहरण हम स्वयं के जीवन में देख सकते है जब एक क्षण की देरी से हमें कई महत्वपूर्ण अवसरों पर हाथ धोना पड़ा हो। हमें चाहिए कि हम समय का सदुपयोग करें। हर कार्य को निश्चित समय अवधि पर या पहले समाप्त करे ताकि बचे हुए समय में हम अपने अन्य कार्यो को पूरा कर सके। तालिका बनकर विभिन्न कार्यो को करने के लि समय निश्चित करे ओर उसी कार्य तालिका के अनुसार कार्य को कार्यन्वित करें।

यदि हम समय को सम्मान देंगे तो वह बदले में उतना ही फल देगा। हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए की बर्बादी पर रोक। अपने जीवन में हमें समय का पाबंद बनना चाहिए। एक विद्यार्थी के जीवन में समय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसका एक एक पल उसके द्वारा व्यवस्थित होना चाहिए। उसे अपने खाने पीने खेलने पढने सोने आदि के लिए एक तालिका का निर्माण करना आवश्यक है। यदि हम अपने समय को व्यवस्थित न कर उससे यूं ही बर्बाद करते रहेंगे तो कभी भी अपनी परीक्षा संबंधी तैयारी समय पर समाप्त नहीं कर पायेगा और फलस्वरूप उसे परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी इसी बात पर रहीमजी ने कहा है –

**समय लाभ सम लाभ नहिं, समय चूक सम चूक।**
**चतुरन चित रहिमन लगी, समय चूक की हूक ।।**

अर्थात वही लोग जीवन में उन्नति व विकास कर पाते है जो अपने समय का मूल्य पहचानते है। हमें समय की मांग के अनुसार अपने समस्त कार्यो को पूरा करना चाहिए। एक पल को भी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। विद्यार्थी काल से ही समय की उपयोगिता पर ध्यान देकर अपने कार्यो को किया जाये तो समय सम्पूर्ण जीवन में हमारे विपरीत न जाते हुए हमारे समकक्ष चलने लगता है। एक पेड़ निश्चित समय पर फूल व फल देता है और उसके पक जाने पर उसे गिरा देता हैं दूसरी तरफ मनुष्य अपने जीवन काल में बचपन, यौवन, वृद्धावस्था तक आ जाता है यह सब समय के होने व उसके व्यतीत होने का प्रमाण है कि समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता बल्कि अपनी गति से चलता रहता है। हमें इस बात को सदैव गांठ बांधकर रख लेना चाहिए कि गया हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। यदि इस बात को स्मरण कर समय का सदुपयोग किया जाये तो सदैव उन्नति व विकास हमारे कदम चूमेगी। समय की कद्र यही हमारा गुरूमंत्र होना चाहिए। हमें अपने जीवन में समय के महत्व को समझते हुए इसका उपयोग करना चाहिए।



**मनीष गहलोत**
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

मेजर ध्यानचंद जयंती पर साइकिल मैराथन का आयोजन

# साइकिलिंग और खेल है, स्वस्थ जीवन का आधार– न्यायाधीश देवेंद्र कच्छावाह

जोधपुर। शहर में हॉकी के जादूगर पदम भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइकिल मैराथन का आयोजन कर शहर वासियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच मयूर ध्वज शाखा जोधपुर जिला अध्यक्ष योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि हॉकी के जादूगर पदम भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस साइकिल मैराथन में शहरवासियों ने भाग लेकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायाधीश देवेन्द्र कच्छावाह और मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय अध्यक्ष डॉ काजल वर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायधीश ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि घर की चारदीवारी से बाहर खुले में साइकिलिंग करें, आसपास की जगहों पर बाइक या कार से ना जाकर साइकिल से जाएं। उन्होंने ने नई पीढ़ी को स्वस्थ जीवन के लिए साइकिलिंग औरर खेलों के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ काजल वर्मा ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज मारवाड़ी युवा मंच ने देश की 322 शाखाओं में एक साथ, एक ही समय साइकिल मैराथन का आयोजन रखा। अध्यक्ष ने भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट और ओलंपिक खेलों में भारत के प्रदर्शन पर चर्चा की। योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि आयोजन में बेटी एक मुस्कान संस्था के दीपक द्वारा सभी राइडर्स को रिफ्रेशमेंट और सर्टिफिकेट तथा बजूका फिटनेस के श्रीकांत सेठी द्वारा टोपी स्पॉन्सर की गई।

गोयल हॉस्पिटल द्वारा संपूर्ण मैराथन के दौरान राइडर्स के साथ-साथ एंबुलेंस और मेडिकल टीम का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आतिथ्य के रूप में धर्मेंद्र सांखला राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज, मनीष गहलोत संपादक माली सैनी संदेश, प्रोफ़ेसर जेएनवीयू श्रवण सोलंकी, आरएएस अधिकारी राधेश्याम, एलआईसी अधिकारी श्याम भाटी और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में अनंता योग एंड आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की योग शिक्षिका तरुणा प्रजापत और नंदिनी सोनी ने जुंबा डान्स से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए।






मयूर ध्वज संरक्षक दिलीप चांडक, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव ओमेश सोनी, कोषाध्यक्ष सुभाष परिहार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संयोजक अक्षिता कच्छावा, वृक्षारोपण संयोजक मनीष, युवा निर्माण संयोजक वंदना परिहार ने प्रतिभागियों को रैली से पहले रिस्ट और कैप वितरित किए।

संगठन विस्तार संयोजक डिंपल दाधीच, अनंता योग एंड आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के प्रबंधक एवं योग विशेषज्ञ राजेंद्र कुमार, रवि प्रकाश चौधरी, दिलीप असनानी, योग शिक्षिका रेणु कच्छावाह, पंचकर्म विशेषज्ञ महेंद्र सुतलिया, विमला ढाका और पूजा ने सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। समाज के महान खिलाड़ी जिन्होंने भारत की ओर से खेलते हुए अनेकों अंतराष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ विश्वभर में हॉकी का डंका बजाया आज भी समाज उन्हें याद नहीं करता यह दुखद विषय है।

# बाबूलाल दग्दी पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष मनोनीत



पुष्कर। अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन संस्थान पुष्कर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। संस्थान अध्यक्ष ऊँकारराम कच्छावाह के निधन होने कारण कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत करने हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम स्व. ऊँकारराम कच्छवाह की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक की अध्यक्षता जयराम सोलंकी भाकरी द्वारा की गई। महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर सभा केअध्यक्ष जयराम सोलंकी एवं संरक्षक सेवाराम दगदी द्वारा माल्यार्पण किया गया। महासचिव मुकेश अजमेरा ने संस्थान के विधान बाबत कार्यकारिणी को अवगत कराते हुए निवेदन किया कि किसी भी संस्थान के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में संस्थान के उपाध्यक्ष ही कार्यकारी अध्यक्ष होता है। चूँकि माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर की कार्यकारिणी में वर्तमान में सात उपाध्यक्ष नियुक्त है। ऐसी स्थिति में सर्वसम्मति से किसी एक उपाध्यक्ष को कार्यकारी अध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया जाना है। उपस्थित उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से किसी एक उपाध्यक्ष का नाम सदन के समक्ष प्रस्तावित करावें। उपस्थित सभी छह उपाध्यक्ष मे सर्वप्रथम ओम प्रकाश सांखला, मदन सिंह भाटी जोधपुर, बाबूलाल दगदी पुष्कर, रूपचंद मारोठिया, सत्यनारायण भाटी, ताराचंद गहलोत पुष्कर द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात सेवाराम दगदी, जयराम सोलंकी, ताराचंद गहलोत, मेड़ता, धर्मेंद्र टाक एडवोकेट, किशन गहलोत किशनगढ़, भरतकुमार सैनी, रिया, पुष्कर नारायण भाटी पुष्कर कल्याण सिंह गहलोत जोधपुर, भोम सिंह गहलोत जोधपुर आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रबंध कार्यकारिणी के समक्ष बाबूलाल दगदी, सत्यनारायण भाटी द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष हेतु अपनी सेवाएं देने की इच्छा जाहिर की गई। दोनों दावेदारों को एक नाम कार्यकारिणी के समक्ष रखने का समय दिया गया। जिस पर सत्यनारायण भाटी द्वारा अपनी दावेदारी वापस लेते हुए बाबूलाल दगदी को संस्थान का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने बाबत अपनी सहमति प्रकट की गई। सर्वसम्मति से प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा बाबूलाल दगदी को अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन संस्थान पुष्कर का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

महासचिव मुकेश अजमेरा द्वारा बाबूलाल दगदी को कार्यकारी अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्व. ऊँकारराम कच्छवाह के सुपुत्र कैलाश कच्छवाह भी उपस्थित रहे उन्हें प्रबंध कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया बैठक के अंत में प्रबंध कार्यकारिणी के अतिरिक्त उपस्थित संस्थान सदस्यों को भी अपने विचार व्यक्त करने का मौका दिया गया जिस पर डॉ जितेंद्र मारोठिया, अजय सैनी एवं अन्य द्वारा अपने विचार प्रकट किए। भामाशाह प्रेम राज माली निवासी मेड़ता का सम्मान भी किया गया ।

# निंबाराम माली ने पुस्तकालय को पांच लाख की जमीन दान




बाड़मेर जिले के गुडामालानी उपखंड क्षेत्र में नगर ग्राम पंचायत के मालियो की ढाणी निवासी निंबाराम पुत्र भोमाराम माली ने गुडामालानी उपखंड क्षेत्र का सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी मे सांचौर जोधपुर मेगा हाइवे से मुख्य सडक पर शिक्षा जागरूकता के तहत एरोज्ञा पुस्तकालय को 2612 वर्ग फुट भूखंड गरीब जरूरतमंद विधार्थियो व युवाओं के लिए पुस्तकालय व कोचिंग संस्थान के लिए सार्वजनिक क्षेत्र मे भूमि दान कर एक मिसाल कायम की है।

यह भू-खंड वीआईपी आवासीय कॉलोनी मेगा हाइवे, राजेश्वरी गैस टर्मिनल से मुख्य सडक पर लाखों रूपयें की जमीन शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद विधार्थियो व युवाओं के लिए पुस्तकालय व कोचिंग संस्थान के लिए इतना बड़ा दान करना अपने आप में एक सबसे बड़ा नेक पुण्य काम है जिसमें हजारों लाखों युवाओं के लिए भविष्य में एक मिसाल बनकर उभरेगी।

आपने इससे पूर्व तीन लाख से अधिक राशि खर्च कर चबूतरा का निर्माण, माली समाज सेवा संस्थान गुड़ामालानी मे एक लाख ग्यारह हजार शिक्षा के क्षेत्र में, महादेव मंदिर मालियो की ढाणी मे विकास के अमूल्य योगदान, श्रीपाबू जी गौशाला, सार्वजनिक श्मशानघाट के साथ एरोज्ञा पुस्तकालय मे अभी तक 30 हजार से अधिक आर्थिक सहयोग सहित स्थानीय विधालय के साथ बाड़मेर जिले मे मानवीय कार्यो में हमेशा अमूल्य योगदान वर्षो से निरन्तर जारी है।

आज इस अवसर पर सोमवार को तहसील गुडामालानी मे राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारियों के साथ पटवारी गिरधारी राम बटेर,पारसमल सांखला डाबड कनिष्ठ साहयक राजस्व विभाग गिडा तहसील, कालुराम माली, वगताराम सोलंकी डाबड, नेनाराम माली मालियो की ढाणी का सराहनीय सहयोग रहा।

आपका यह शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण आने वाली पीढ़ी के लिये सदियों तक एक रोशनी के रूप में प्रकाशमय रहेगा। एरोज्ञा पुस्तकालय मिशन की सिर्फ एक वर्ष से विशाल रक्तदान शिविर के साथ दानदाता द्वारा भूमि प्राप्त होना सबसे बडी उपलब्धि है। पूरे प्रदेश मे एरोज्ञा पुस्तकालय मिशन ने एक नया आयाम स्थापित किया है। इस नैक कार्य के लिए भोमाणी माली परिवार मालियो की ढाणी गुडामालानी का एरोज्ञा पुस्तकालय एवं सेवा समिति बाड़मेर टीम ने आभार व्यक्त किया है। हम शैक्षणिक सेवा के लिए भूमिदान दाता का आभार प्रकट करते है

# स्व. राजेंद्र मावर की प्रथम पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन कैंप का किया आयोजन

जयपुर। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के पूर्व वरिष्ठ महामंत्री एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य स्वर्गीय राजेंद्र मावर की प्रथम पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन का आयोजन उनके सुपुत्र सागर सैनी की ओर से किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रघु शर्मा स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान सरकार राजस्थान ने स्वर्गीय मावर को पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि स्व. राजेंद्र मावर यूथ कांग्रेस से मेरे पुराने साथी थे ओर कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही थे।

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूलवाले ने कहा कि महासभा में स्वर्गीय मावर साहब ने समाज को एकजुट करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन का आयोजन रखकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।

इस मौके पर महासभा के महामंत्री एवं ऑल वेडिंग इंडस्ट्रीज फेडरेशन के महासचिव भवानी शंकर माली ने बताया कि उनका 'ओज से उजास की ओर' का नारा प्रदेश को उजाले की ओर ले जाएगा इसके लिए हम सब प्रयासरत रहेंगे।

इस मौके पर मेडिकल कौंसिल के पूर्व चेयरमैन जी एल वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया चेयरपर्सन श्रीमती अर्चना शर्मा, नगर निगम के पूर्व चेयरमैन रतन खडोलिया, अशोक खडोलिया, मुहाना मंडी टर्मिनल मार्केट फल एवं सब्जी के अध्यक्ष राहुल तंवर, ओम प्रकाश राजोरिया, संजय सैनी, अभिषेक सैनी चोमू, बाबूलाल सैनी सचिव महासभा, पार्षद अभिषेक सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश सैनी, बाबूलाल ब्रजवाटिका, सुनील सैनी, युवा नेता मोहित सैनी, राकेश माली, सौरभ कटारिया, बिट्टू सैनी सहित गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय राजेंद्र महावर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

महासभा के पदाधिकारी एवं युवाओं ने ब्लड डोनेशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कुल 102 यूनिट ब्लड डोनेट किए गए।





# लिखमीदास जी महाराज जयंती पर 61 यूनिट रक्तदान

जोधपुर। संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की जयंती पर गुरुपूर्णिमा के अवसर पर माली समाज के युवाओं द्वारा 61 यूनिट ब्लड का रक्तदान कर गुरु दक्षिणा दी गई। अरविंद कच्छवाह ने बताया लिखमीदास स्मारक के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, पूर्व जेडीए चेयरमैन राजेन्द्र सोलंकी, महापौर कुंती देवड़ा, नरेन्द्रसिंह कच्छवाह, लिखमीदास जी स्मारक संस्थान के राधाकिशन तँवर, बाबूलाल पंवार, मनोहर परिहार, मुकेश गहलोत, सुभाष गहलोत, भेरूसिंह परिहार, ओ.पी. भाटी, अक्षय टाक, चेतन गहलोत, आदित्य गहलोत, कालूराम सोलंकी, माली युवा संघठन के अध्यक्ष पवन सोलंकी, अरविंद परिहार, पन्नालाल कच्छवाह, धर्मेद्र साँखला, श्याम भाटी, महेंद्र तँवर, मनोहर साँखला, मानसिंह देवड़ा, पंकज साँखला, सांवरलाल गहलोत, योगेश कच्छवाह, पूर्व छात्रसंघ महासचिव बबलु सोलंकी, अशोक भाटी, अंकित गहलोत, आशीष गहलोत, जयेश साँखला, भरत गहलोत, यश सोलंकी, कुलदीप गहलोत मण्डोर, देशान्त कच्छवाह, नानु कच्छवाह, पंकज देवड़ा, मनीष सोलंकी, दिनेश गहलोत, मनीष गहलोत, धीरज गहलोत, मीना साँखला, वन्दना परिहार, किरण गहलोत, जगदीश देवड़ा, अर्जुन साँखला, सोहन सोलंकी, पप्सा गहलोत, लक्ष्मण कच्छवाह, मितांशु गहलोत, सुरेन्द्र गहलोत, रमेश



साँखला, विनीत भाटी, पंकज भाटी, जीवन देवड़ा, महेश गहलोत, नरसिंग गहलोत, दिनेश कच्छवाह, जयकिशन साँखला, लक्ष्य पँवार, युविक साँखला आदि युवाओं ने रक्तवीरो का हौसला बढ़ाया।

# नई दिल्ली में आयोजित स्नेह मिलन एवं प्रतिभा समारोह समारोह धूमधाम से संपन्न










नई दिल्ली। 19 सितंबर 2021 को सांसद सदस्य क्लब, नॉर्थ एवेन्यू, दिल्ली में सैनी-मौर्य- शाक्य -कुशवाहा समाज का एक सामाजिक मिलन समारोह अयोजित किया गया जिसमें समाज के अधिकारियो- कर्मचारियों - सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील, SDM, पुलिस अधिकारीयों, DU प्रोफेसर, डॉक्टर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, विभिन्न खेलों के कोचों, नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रमुख लोगों का मिलन समारोह आयोजित किया गया समारोह में निर्णय हुआ की समाज को विभिन्न क्षेत्रों में एकजुट होकर सहयोग करने पर विचार विमर्श किया गया ताकि समाज को मजबूती प्रदान की जा सके इसमें भविष्य में कोचिंग सेंटर खोलने पर निर्णय हुआ ताकि समाज के बच्चे नि:शुल्क कोचिंग करके अपना कैरियर बना सके।

समारोह में कलाकार, गायक, राजस्थान पुलिस के अधिकारी, हरियाणा से बहुत सारे सम्मानित कर्मचारी और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे, समारोह के मुख्य आयोजक और संयोजक देवेंद्र सैनी (दिल्ली सैनी कर्मचारी अधिकारी परिवार) एवं दिल्ली प्रदेश यूथ अध्यक्ष (ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज) ने बताया कि दिल्ली पुलिस के सैनी समाज के रिटायर्ड अधिकारियों का सम्मान किया गया कोरोना काल में समाज को सहयोग करने वाले डॉक्टर साथियों का सम्मान किया गया अंतरराष्ट्रीय लेवल पर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया गया समारोह में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी, JDU से MLC श्री रामेश्वर महतो, बहादुरगढ़ से मौजूदा MC जसबीर सैनी, सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट 'निर्भया केस' की वकील रही एडवोकेट सीमा समृद्धि सैनी, सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा से AAG देवेंद्र सैनी, UP से स्टैंडिंग काउंसिल श्री अजय विक्रम सैनी (इंडियन स्टैटिक्स सर्विस) में सेलेक्ट हुई समाज की गौरव रंजना सैनी, सिविल एविएशन में Assitant डायरेक्टर मछींदर नवासे, DM गौरव सैनी, SDM नितिन शाक्य, DU Associate प्रोफेसर विजय वर्मा, राजस्थान पुलिस, जयपुर से इंस्पेक्टर राजेंद्र सैनी, दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर अशोक सैनी, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर जुनियर एशियन चौंपियनशिप में सिल्वर मैडल जितने वाली आंचल सैनी और गौरव सैनी, SSB में अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर नीलम सैनी और ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक के कोच मनदीप सैनी, RML डॉक्टर गुरदीप सैनी, रक्तदान में विश्व कीर्तिमान स्थापित आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन डॉ सुरेश सैनी, विश्व कीर्तिमान स्थापित 25000 डिप्स लगाने वाले आर्य कुलदीप वीर सैनी, भारत के मशहूर हास्य कलाकार दीपक सैनी ने तो अपनी कला पर सबको खुब हंसाया, सैनी समाज के उभरते पंजाबी गायक राज सैनी हिसार ने भी अपनी प्रस्तुति देकर समाज का दिल जीता और वाहवाही लूटी इस अवसर पर सैनी महापंचायत के राष्ट्रीय प्रभारी जतिन सैनी बॉक्सर, अंतरराष्ट्रीय सैनी समाज के,संस्थापक और राष्ट्रीय महासचिव नरेश सैनी कलानोरिया, कुशवाह महासभा से शिव शरण कुशवाह, हरी प्रकाश मौर्य जैसे समाज के शुभचिंतक मौजूद रहे और समाज में सभी ने एकजुट होकर समाज हित के लिए काम करने का संदेश दिया।

समाज के इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज बंधुओं को सम्मानित करना एक अच्छा प्रयास है।

**अपणायत का शहर में 60,000 स्टूडेंट्स को भोजन कराने का प्रथम आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा**

# उत्कर्ष के निर्मल गहलोत ने रीट एग्जाम के स्टूडेंटस के लिए

जोधपुर। शिक्षा की दृष्टि से देखे तो लाखों परीक्षार्थियो का शिक्षक बनने का सपना आंखों में संझौये अपने शहर से दूर जंहा कभी गए ही नही होंगे वहाँ जाकर परीक्षा में शामिल होना उसमें भी महिला परीक्षार्थियो व उसमें भी वह माताएं जिनके दुधमुँहे बच्चों को साथ लेकर परीक्षा में आना भी अपने आप में चौलेजिंग होता है फिर भी जो साहस इन सभी परीक्षार्थियो ने दिखाया उसके लिए यह सभी बधाई के पात्र है।

दो पारी में परीक्षा होगी तो इनके पास भोजन के लिए कहीं दूर जाने का समय नहीं होगा। ऐसे में समाजसेवी निर्मल गहलोत ने सभी 64 हजार परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र पर ही भोजन पहुंचाने का जिम्मा उठाया। गहलोत ने अपने एक हजार साथियों की टीम के साथ दो दिन में इनके लिए भोजन के पैकेट तैयार किए हैं। इसके लिए 450 हलवाई और आदर्श विद्या मंदिर, नगर निगम, उत्कर्ष क्लासेज, विहिप, आरएसएस के अलावा विभिन्न संस्थाओं के 550 कार्यकर्ताओं की टीम लगाई है। 184 केंद्रों पर 64 हजार परीक्षार्थियों को समय पर भोजन के पैकेट मिल सकें, इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम उत्तर व नगर निगम दक्षिण की टीम ने 47 रूट बनाए हैं। यहां 110 पिकअप गाड़ियों से भोजन पैकेट पहुंचाए गए।

इन सब की पीड़ा को हृदय से समझने वाले एक इंसान ने जिन्होंने इन परीक्षार्थियों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझी व अपणायत के लिए जाने जाने वाले शहर जोधपुर के इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में अंकित कर दिया है, हमारे अपने लाड़ले निर्मल गहलोत जिन्होंने इतना बड़ा आयोजन किया जिसमें भी एक स्वयं सेवक की तरह खुद भी जुटे रहे एक पल भी ऐसा नही होगा कि उनके भाव से लगे कि यह मैं कर रहा हूँ यह तो ईश्वर करवा रहा है इसलिए इतना कुछ हो रहा है महादेव के आशीर्वाद से यह हो रहा है यह भाव भी अपने आप में महान है।

जो भी इस महाभोज की चर्चा करता सब के श्रीमुख से निर्मल गहलोत के लिए तारीफों के शब्दों में जो मिठास व अपणायत के लिए शब्द थे उनको शब्दों में पिरोना मेरे बस की बात नही। किसी को यदि ऐसा भव्य आयोजन यदि करवाना हो तो एक बार इस आयोजन की रूप रेखा जरूर देखनी चाहिए। खाना बनाने से लेकर विद्यार्थियों के भोजन ग्रहण करने तक कि व्यवस्था बहुत ही व्यवस्थित थी। विद्यार्थियों को तो जैसे आज जोधपुर में कोई अपना मिल गया था जिसने 3-4 दिन पहले ही जोधपुर आने वाले परीक्षार्थियों को विश्वास दिला दिया था कि आप बस अपने एग्जाम की तैयारी करें खाने-पीने की व्यवस्था की चिंता न करे सात्विक-पोष्टिक व शुद्ध भोजन की व्यवस्था हो जाएगी। विद्यार्थी इतने टाइम में उत्कर्ष के भोजन के पैकेट का इंतजार करते दिखे क्योकि उनको पता था कि न्ज्ञ ।ैभ्ै भ्म्त्म छ० छम्म्क ज्० थ्म ।त जैसे ही भोजन का पैकेट विद्यार्थियों के हाथ में खुला तो सबका एक वाक्य था, ''जोधपुर वाले ने जो कहा वो करके दिखाया व शानदार भोजन के लिए कोटि कोटि प्रमाण''। उत्कर्ष की पूरी टीम को निर्मल गहलोत सर को हृदय की गहराइयों से साधुवाद जिन्होंने इतने बड़े आयोजन को सहज ही कर दिया। प्रशासन भी इस पुनीत कार्य में शामिल था उनके कर्मचारी भी यह कार्य व व्यवस्था देखकर हतप्रभ हो रहे थे। सच में मन में कुछ अच्छा करने का भाव हो तो पूरी कायनात उसे पूरा करने में जुट जाती है यह आज सच होते मैंने अपनी आंखों से देखा। जो भी इस आयोजन में शामिल था उन सभी के लिए बस एक शब्द ''अपणायत''






## 450 हलवाई, 47 रुट पर 110 गाड़ियों द्वारा हर सेंटर पर भेजा गया खाना

| 7500 किलो आटा | 55 क्विंटल आलू की सब्जी | 25 क्विंटल मिर्च का कुटा | 05 टन देशी घी की चक्की | 65000 पानी की बोतल |
|---|---|---|---|---|

# सोजत माली समाज चिंतन मनन बैठक में अनेकों प्रस्ताव पारित

सोजत । पाली जिला माली समाज की एकता एवं जिला स्तरीय संगठन के गठन को लेकर समाज के प्रति समर्पण भाव एवं नई दिशा प्रदान करने की भावना रखकर समाज बन्धुओं की जिला मुख्यालय माली समाज पंचायती भवन गांधी मूर्ति सर्कल पाली समाज अध्यक्ष देवीलाल सांखला की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि मारवाड़ कांठा पंचायत के अध्यक्ष नेनाराम बुमादड़ा, मिल गेट एरिया अध्यक्ष परमाराम भाटी,पी डब्लू डी ग्म्छ दिलीप परिहार, सोजत चौताला के मांगीलाल चौहान,फालना के मुलाराम गहलोत एवं समाज के गणमान्य बन्धुओं की उपस्थिति में समाज के शिक्षा क्रान्ति के प्रणेता, अग्रदूत माहत्मा ज्योति बा फूले एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले, माली समाज के आराध्य देव सन्त शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज की पूजा अर्चना कर मिटिग का शुभारंभ किया गया। माली समाज पाली के सचिव रमेश सोलंकी के द्वारा मिटिग का संचालन कर सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करवाया गया। माली समाज पाली के उपाध्यक्ष हरीश कच्छवाह द्वारा प्रस्ताव रखने पर सर्व सहमति से संस्था का नामकरण - पाली जिला माली (सैनी) संस्थान एवं संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष सोहनलाल टांक सोजत एवं उपाध्यक्ष कैलाश काबली पाली को नियुक्त करने के साथ ही इनको सम्पूर्ण पाली जिले की विधानसभा क्षेत्र के अनुरूप टीम बनाने एवं संस्थान के नियम व सदस्य बनाकर अगली मिंटिग बुलाने के लिए अधि त किया गया।





ताराचंद सैनी मेहंदी वाले सोजत ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों व गुरुजनों के सम्मान में गुरु मंत्र के साथ सभी का कोटी कोटी अभिनन्दन कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गुरु की महत्त्वता पर प्रकाश डाला ओर गुरु को आदर्श मान कर उनके बताएं हुए मार्ग पर चलने की बात को स्वीकार करनी चाहिए। दिलीप परिहार ने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में एकता, विकास, शिक्षा के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्थान का बीजारोपण किया है हमारा सभी का उत्तरदायित्व है कि इसको वटवृक्ष बनाना है। भंवरलाल सैनी पाचुण्डा ने बताया कि इस संस्थान में राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। मांगीलाल चौहान कंटालिया ने कहा कि वक्त जरुरत पड़ने पर राजनैतिक क्षेत्र में समाजिक एकता का परिचय देकर समाज का मान बढाना चाहिए।

मिंटिग को सफल बनाने में दीपाराम सिनला, राजेंद्र हेमावास, शान्ती लाल खारड़ी, लक्ष्मीकांत सोजत रोड़,हिम्मताराम पाचुडा, नारायण लाल बिलावास, पारसमल धंदेड़ी, घीसूलाल मारवाड़ एवं पाली से जयचंद सांखला, घमंडीराम पंवार, महेंद्र परिहार, जगदीश माली, अनिल सोलंकी व सोजत से हरिकिशन चौहान, भोमाराम गहलोत, विप्लव टांक, गोरधन लाल गहलोत, सम्पत राज पालरिया, ओमप्रकाश सोलंकी, रतनलाल पालरिया आदि गणमान्य समाज उपस्थित रहे। उपस्थित सभी समाज बन्धुओं द्वारा नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का बहुमान किया गया। मिश्रीलाल सोलंकी द्वारा मिटिग समाप्ति की घोषणा कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# गर्भवती संजू से कोरोना ने पति को छीना, जुडवां सन्तान होने पर समाज ने सुहागिन की तरह गले लगाया

अजमेर। अजमेर कुछ दिन पहले सितंबर मे पुलिस लाईन,अजमेर निवासी संजू पंवार पत्नी स्वर्गीय विरेन्द्र पंवार के यहां जुडवां बच्चों को जन्म दिया। इससे कुछ महीने पहले कोरोना महामारी ने उनके पति बिरेन्द्र पंवार को छीन लिया। जो खुली मजदूरी करते थे। सात साल बाद संज पंवार को जुडवां संतान होने की खुशीयाँ मिली। कोरोना महामारी के कारण इस हदय विरादक दुखद घटना के बाद पिहर और ससुराल दोनों की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर होने के कारण श्रीमति संजू पंवार अपने पीहर माता-पिता के घर लौट आ गई। जब संजू पंवार की गोद मे जुडवां बच्चों की किल्कारी सुनी तो इस खुशियों मे माता सावित्रीबाई फुले महिला सैनी संस्थान, तोपदडा, अजमेर भी शामिल हुई। संस्थान हमेशां महिलाओं के दर्द को महसूस किया और उसका निवारण करने का प्रयास रहता हैं।

विशेषकर महिलाओं की मुसीबतों मे हमेशा साथ दिया हैं। माता सावित्रीबाई फुले महिला सैनी संस्थान, तोपदडा द्वारा संजू पवार के 'सूरज पूजन' यानी 'नहावन' यानी कुआँ पुजन की परम्परा पर दोनों नवजात बच्चों के कपड़े, पीले की साड़ी, एक फैंसी वर्क की साड़ी, काजू-बादाम एक-एक किलो, एक किलो देशी-घी, एक किलो गोंद एवं 5000 रूपये की नगद राशि श्री मति संजू पवार को भेंट की गई ओर पुरे परिवार के साथ उपस्थिति होकर अपनेपन का अहसास करवाया।

संजू पंवार व परिवार को हिम्मत दिलायी । इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष शारदा मालाकार, राधा चौहान, पुनम तंवर, बबीता चौहान, मुक्ता मेडम, प्रदीप कच्छावाह व पंवार परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। माता सावित्रीबाई फुले महिला सैनी संस्थान, अजमेर व परिवार के सभी सदस्यों का प्यार, अपनापन व सहयोग पाकर श्रीमति संजू पवार के मुख पर मुस्कराहट व आँखो मे खुशी के आसुओं को नहीं रोक सकी। सभी का हाथ जोडकर आभार व धन्यवाद दिया। मुसीबत की घडी मे समाज ने सहारा दिया, इसके लिए वह हमेशा कृतज्ञ रहने का वादा किया।

संत शिरोमणि की गोल्ड व सिल्वर तस्वीर का किया विमोचन, राष्ट्रपति अवार्डेड गीता सोलंकी ने किया विमोचन

# बाड़मेर से अमरपुरा आए श्रद्धालुओं का किया बहुमान

नागौर। संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक अमरपुरा में बाड़मेर से आए श्रद्धालुओं पहुंचे। श्रद्धालुओं ने स्मारक व देव मंदिर पहुंचकर दर्शन किए । गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बाड़मेर निवासी राष्ट्रपति अवार्ड शिक्षिका गीता सोलंकी ने संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज की गोल्ड और सिल्वर की बनी तस्वीर का विमोचन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

सामाजिक कार्यकर्ता बालकिशन भाटी ने बताया कि इस कार्यक्रम में यह तस्वीर कृष्ण सोनी निवासी नागौर द्वारा बनाई गई। इस अवसर पर संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर की कार्यकारिणी के सदस्य धर्मेंद्र सोलंकी तथा पापालाल सोलंकी, धीरज सैनी, राजू, मोहन सिंह भाटी, सुमित्रा, ट्विंकल, मनीषा सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित थे। श्रद्धालुओं द्वारा देव मंदिर में भी दर्शन करके आशीर्वाद लिया गया तथा आरती में भी सहभागिता व्यक्त की गई।

पदमश्री व पर्यावरणविद् लिखमाराम भांभू द्वारा राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त शिक्षिका गीता सोलंकी से भेंट की गई । इसी प्रकार सामाजिक कार्यकर्ता व भारत विकास परिषद के सदस्य बालकिशन भाटी व शिक्षक व कोलाज कलाकार श्रवण कुमार सोनी द्वारा भी गीता सोलंकी का अभिनंदन किया गया।



इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में लगे इन कार्यकर्ताओं द्वारा गीता सोलंकी के साथ अपने अनुभव साझा किए। पदमश्री भांभू ने समान जीवन में पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए सोलंकी से इस क्षेत्र में और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने समाज जीवन में नशाखोरी के नुकसान की जानकारी देते हुए इस संबंध में जागरण कार्य के लिए शिक्षक समाज से आह्वान किया । इस भेंट के दौरान सोलंकी ने शैक्षिक जगत की अनेक जिज्ञासाओं व समस्याओं के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर नारायण मिस्त्री व राजू पंवार भी उपस्थित थे




# आदिति चौहान का राजस्थान किक्रेट टीम में हुआ चयन

टोंक। बहुत ही हर्ष और गर्व का विषय है कि अदिति चौहान (सैनी) पुत्री सुनील चौहान किसान मार्ग बरकत नगर टोंक फाटक जयपुर का 20 सितम्बर को राजस्थान की Under- 19 क्रिकेट टीम में सलेक्शन हुआ है। अभी अदिति राजस्थान टीम की सदस्य के रूप में गुजरात मे मैच खेल रही है।

अदिति ने बहुत ही मेहनत और कठिन परिश्रम करके कम समय मे ये मुकाम हासिल कर अपना, अपने परिवार का और समाज का नाम रोशन किया है। समाज की बच्ची का इस मुकाम तक पहुँचना अपने आप मे एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। सैनी समाज सेवा एवं शिक्षण संस्था टोंक फाटक जयपुर की और से समाज गौरव अदिति और उनके परिवार विशेषकर उनके पिता सुनील इनके प्रेरणा स्त्रोत और मार्गदर्शक भी है जिन्होंने हर कदम पर इसकी हिम्मत और हौसला बढ़ाया को बहुत बहुत बधाइयां और हार्दिक शुभकामनाएं।

अदिति और उनके परिवार का हौसला बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा किये जाने वाले आगामी कार्यक्रम में इनका सम्मान किया जायेगा। हम सभी अदिति की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते है तथा उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं करते है।

समाज में अदिति जैसी अनेकों प्रतिभाएं है जो अपनी मेहनत और लग्न से माता पिता, समाज के साथ ही अपने प्रदेश और देश को गौरवान्वित कर रही है लेकिन इन प्रतिभाओं ने यह सब अपनी ही कठिन मेहनत और अनेकों विपरित परिस्थितियों से डटकर हौंसला न हारते हुए प्राप्त किया है। अगर सामाजिक स्तर पर ऐसी प्रतिभाओं को समाज द्वारा प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें सही मार्गदर्शन के साथ अच्छी कोचिंग दी जाएं तो यह समाज के साथ देश का प्रतिनिधित्व कर अनेकों उपलब्धियों प्राप्त कर सकते है।

जन्मदिवस विशेष

## भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान

# डॉ रुपा सैनी



रूपा सैनी का जन्म आज ही 2 सितंबर 1955 को हुआ था। रूपा सैनी ने महज 13 साल की उम्र से 1968 में की तरफ से हॉकी नेशनल में भाग लिया। सैनी सिस्टर्स कृष्णा सैनी, स्वर्णा सैनी, प्रेमा सैनी, रुपा सैनी के नाम से मशहूर चारों बहनें स्पोर्ट्स से जुड़ी हैं। रूपा सैनी सबसे छोटी हैं। रूपा की बड़ी बहन प्रेमा सैनी भी भारतीय महिला टीम की कैप्टन रही हैं। उनसे छोटी बहन कृष्णा सैनी इंटरनेशनल एथलीट के साथ 8 साल पंजाब की बेस्ट एथलीट रहने के साथ हॉकी व वॉलीबॉल भी खेलती रही हैं। स्वर्णा सैनी भी हॉकी की इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं और उन्होंने छोटी बहन रूपा सैनी के साथ 1968 में पंजाबी यूनिवर्सिटी की तरफ से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल हॉकी की शुरुआत की। रूपा सैनी बताती हैं कि पिता नत्थू राम सैनी जिस बरजिंदरा कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (माली) थे, उसी कॉलेज में मैं 7 साल तक लेक्चरर रही।

रूपा सैनी ने हॉकी की शुरुआत अपनी बड़ी बहन प्रेमा सैनी के खेल को देखकर की। फरीदकोट सरकारीसीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांचवीं क्लास की पढ़ाई से ही हश्वकी की शुरुआत करते हुए राइट इन पोजीशन पर खेलना शुरू किया। 1970 बरजिंदरा कॉलेज में पढ़ाई शुरू की और हॉकी के साथ वॉलीबॉल और एएथलेटिक्स में भी नेशनल स्तर तक उपस्थिति दर्ज करवाई। रूपा सैनी भारतीय टीम में सेंटर हॉफ पोजीशन खेलती रही हैं।

1975 में 20 साल की उम्र में अर्जुन पुरस्कार हासिल करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी। इन्होंने 1981 में एयर फोर्स में विंग कमांडर (रिटा.) अतर सिंह बढ़वाल से शादी की। डॉ. रूपा 34 साल तक टीचर रहीं। 1976 में बरजिंदरा कॉलेज फरीदकोट में फिजिकल लेक्चरर जॉइन किया, 2009 में प्रिंसिपल प्रमोट हुई और 2012 में सरकारी महिंद्रा कॉलेज पटियाला से प्रिंसिपल रिटायर हुई। डिप्टी डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन 2002 से 2005 चंडीगढ़ में रहीं । रूपा सैनी ने 1970 में महज 15 साल की उम्र में सबसे युवा खिलाड़ी के रुप में जापान में खेले सिल्वर जुबली टूर्नामेंट में भारत की तरफ से खेलते हुई जीत हासिल की। टूर्नामेंट में बड़ी बहन प्रेमा सैनी भी भारत की तरफ से टॉप स्कोरर थी। 1971 युगांडा वुमन हॉकी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की। टीम की कैप्टन बड़ी बहन प्रेमा सैनी और स्वर्णा सैनी भी टीम का हिस्सा थीं। 1971 न्यूजीलैंड में वुमन हॉकी वर्ल्ड चौंपियनशिप में हिस्सा लिया, 1974 फ्रांस में फर्स्ट वुमन हॉकी वर्ल्ड कप में भागीदारी, 1975 स्कॉटलैंड में तीसरी वुमन हॉकी वर्ल्ड चौंपियनशिप में भागीदारी, 1975 मद्रास में बेगम आजाद रसूल इंटरनेशनल ट्राफी टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम में वे थीं ।

रूपा सैनी देश की पहली हॉकी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कप्तानी की हैट्रिक करते हुए 1978 स्पेन में तीसरे वुमन वर्ल्ड कप, 1979 कनाडा वर्ल्ड चौंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तानी की और दोनों में 7वां स्थान मिला। इसके अलावा 1980 मॉस्को ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय टीम की कप्तान थी। भारत की तरफ से रूपा सैनी ने 1981 में सोवियत संघ टीम के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत के बाद हॉकी से संन्यास लीं। 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी में भारत में स्वर्ण पदक जीता था। डॉ रूपा सैनी इस टीम की मैनेजर थीं।



1980 मॉस्को ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था। रूपा सैनी इस टीम की कैप्टन थीं। गोल एवरेज पर टीम ने फोर्थ पोजीशन हासिल की। रूपा सैनी बताते हैं कि तब हॉकी के हालात काफी खराब थे। ओलंपिक खेलने गई महिला टीम ने 78 वर्ल्ड कप की किट पहनी और 1979 वर्ल्ड चौंपियनशिप के दौरान मिले ट्रैक सूट से ही काम चलाना पड़ा था। पुरानी किटों पर नया लोगो लगाकर ही टीम खेली थी।

# अ.भा. कुशवाहा (सैनी) महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक
# प्रत्येक व्यक्ति में समाज के प्रति जागरूकता जरूरी - भगत

लाडनूं। अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी) महासभा की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से वैवाहिक रिश्ते के लिए चार की जगह सिर्फ दो ही गौत्र छोड़ने का निर्णय किया गया। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गजानन्द सैनी ने बताया कि समाज के लोगों के सामने रिश्ते मिलने में होने वाली परेशानियों और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। अब माता-पिता के गौत्र के अलावा किसी भी गौत्र में शादी की जा सकेगी, भले ही वे दादी-नानी की गौत्र ही क्यों नहीं हो। महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की यह प्रथम बैठक चूरू में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश प्रभारी डी.एन.भगत ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति में समाज के प्रति जागरूकता और उनति एवं विकास की भावना होनी आवश्यक है, तभी समाज प्रगति पथ पर आगे बढ सकता है। उन्होंने समाज सेवा में सबके योगदान के साथ समाज के निचले तबके की मदद की भावना की जरूरत पर बल दिया।

पारस्परिक सहयोग से मिलती है सफलता

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष गजानन्द सैनी ने समाज को एकसूत्र में पिरोने के लिए कुछ छोटे-छोटे बिन्दुओं पर काम करने की आवश्यकता बताई तथा समाज को सर्वोपरि समझते हुए प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए पारस्परिक सहयोग पर बल दिया। प्रारम्भ में एमकेएस पत्रकार समिति के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश यायावर ने महासभा का परिचय प्रस्तुत किया तथा बताया कि देश भर में फैला यह समाज सैनी, माली, कुशवाहा, मौर्य, शाक्य आदि नामों से विभिन्न नामों से पुकारा जाने के बावजद मल में एक है और इसकी एकता के लिए सबको मिल कर प्रयास करना चाहिए। समाज को आगे बढाने में एकता और संगठन की महत्ती आवश्यकता होती है। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सैनी, प्रदेश महासचिव कैलाशचन्द सैनी, प्रदेश विधि सलाहकार राजेन्द्र सैनी, रोजगार समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार, कला एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष शंकरलाल सैनी, जिला प्रभारी सुभाषचन्द सैनी, डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल, गोगासर सरपंच पूनम सैनी, सुमित्रा आर्य, एडवोकेट आनन्द बालाण, समाजसेवी ओमप्रकाश टाक, चानणमल सैनी, चन्द्रमोहन तंवर, भंवरलाल गौड, सागरमल तंवर, जयन्त परिहार, शंकरलाल सैनी, गोपालराम माली, कन्हैयालाल सैनी, सावरमल तवर, कानमल सना, नमाचन्द सैनी,पंकज सैनी आदि ने भी अपने विचार रखे।

### हर माह एक दिन की जाएगी समाजसेवा

बैठक में चर्चा के उपरान्त विभिन्न विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें समाज में चार गौत्र के स्थान पर दो गौत्रों छोड़ कर शादी प्रारम्भ किया जाने के अलावा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को हर महिने के कम से कम एक दिन समाज सेवा कार्य करने का तत्र करते हुए इसके लिए हर माह द्वितीय शनिवार को घोषित किया गया। महासभा द्वारा प्रदेश स्तर पर एक पत्रिका के प्रकाशन और कैलेंडर के प्रकाशन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। महासभा का सदस्यता अभियान शुरू करने एवं जिला, तहसील व ग्राम स्तर तक इकाइयों का गठन करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। इसके अलावा अन्य कई विविध विषयों पर भी चर्चा चर्चा की गई। अंत में सैनी समाज के अध्यक्ष चन्द्रमोहन तंवर से आभार ज्ञापित किया।











संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा द्वारा आयोज्य

# आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं सुजोक शिविर में सैकड़ों परिवार हुए लाभान्वित

नागौर। संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के तत्वावधान में एक दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर व एक्यूप्रेशर सुजोक शिविर संपन्न हुआ । संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज के निर्वाण दिवस (बरसी) पर आयोजित यह कार्यक्रम अमरपुरा स्थित स्मारक परिसर में संपन्न हुआ। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ जे पी मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह जंवरी देवी सोलंकी द्वारा की गई। नागौर नगर परिषद के पूर्व सभापति कृपाराम सोलंकी की स्मृति में आयोजित यह शिविर अखिलेश व प्रवीण सोलंकी के अर्थ सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. संत प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. हरवीर सिंह सांगवा, डॉ. कैलाश ताडा, डॉ. हेमलता गहलोत, डॉ. उमा टाक, डॉ नरेंद्र पंवार तथा एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. फैशल चौहान द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में मरीजों को निः शुल्क परामर्श देने के साथ-साथ निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ मिश्रा ने कहा कि आयुर्वेद जीवन जीने का तरीका है । इसमें निरंतर शोध भी किए जा रहे हैं । बिना साइड इफेक्ट के बीमारी का प्रभावी समाधान भी होता है । उन्होंने कहा कि भारत वर्ष संतों, भामाशाह, वीर, वीरांगनाओं व विद्वानों का देश है जहां आदि काल से ही विज्ञान को विकसित करने में महापुरुषों का योगदान रहा है। यहां का ज्ञान विज्ञान विकसित अवस्था में भी अन्य देशों की अपेक्षा रहा है । जहां चारों वेद लिखे गए हैं । गुरुकुल में भी छात्रों को जीवन जीने का मार्गदर्शन शिक्षा के माध्यम से दिया गया । आयुर्वेद उसी शिक्षा का एक भाग है । आयुर्वेद आयु का विज्ञान है जिसमें दैनिक व्यवस्था, देश, काल, प्रकृति, मौसम व आयु आदि के आधार पर चिकित्सा की जाती है। स्वस्थ से स्वास्थ्य संरक्षण इसका मंत्र है, उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में दिखी चरक संहिता में अनेक बीमारियों व उसके इलाज का विवरण दिया गया है । इसलिए आयुर्वेदिक पूर्ण चिकित्सा पद्धति है ।

इस अवसर पर हैदराबाद प्रवासी अविनाश देवड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में अनेक साधु-संतों ने जन्म लिया है। जो देव तुल्य हैं जिनके प्रेरक जीवन संदेशों के आधार पर जीने से हमें प्रसन्नता मिलती है। उन्होंने माली संस्थान व अमरपुरा संस्थान के माध्यम से शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में रीट की परीक्षा में मरुधर भूमि की सेवा भावना देखने को मिली। जहां सेवा करने में सभी समाज के बंधु आतुर थे। इसे देखकर मन प्रसन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन बालकिशन भाटी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सोलंकी, माली समाज मकराना के अध्यक्ष भंवर लाल गहलोत, ओमप्रकाश सांखला, जगदीश कच्छावाह, कालूराम सोलंकी, राम कुमार सोलंकी, हरिकिशन टाक, सुरेश सोलंकी, दौलत भाटी, मोहनसिंह भाटी, मंगाराम मेघवाल, जगदीश सोलंकी, गोविंद सोलंकी सहित अनेक बंधुओं द्वारा सहयोग किया गया। शिविर में संस्थान के










उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला, सचिव राधाकिशन तंवर, सह सचिव हरीश चंद्र देवड़ा, पार्षद मनीष कच्छावाह, भरत टाक व प्रेमसुख सांखला ने भी अवलोकन कर आयोजन समिति का उत्साह वर्धन किया। शिविर में कुल 348 नागरिकों द्वारा चिकित्सकीय लाभ प्राप्त किया गया। जिसमें होट कपिंग (अलाबू ) के 42 मरीज भी शामिल थे । इसके पद्वति के द्वारा कमर दर्द, पीठ दर्द, कंधे का दर्द, साइटिका, घुटनों के दर्द का इलाज किया गया । साथ ही वातश्लेश्मिक ज्वरहर व गोजिहवादि क्वाथ (काढ़ा) पिलाया गया जिसका 550 ग्रामीणों द्वारा लाभ लिया गया । सायं आरती के साथ प्रतीकात्मक भजन प्रस्तुत किए हैं ।

## दिसंबर में होगा पाटोत्सव

माली सैनी समाज राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का निर्णय शोभायात्रा व धार्मिक कथा आयोजन का भी निर्णय। संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर की कार्यकारिणी व वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।

संत रामरतन महाराज समदड़ी के पावन सान्निध्य में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संस्थान के उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला द्वारा की गई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष कमल भाटी द्वारा स्मारक व देव मंदिर के निर्माण से संबंधित बकाया कार्यों की जानकारी तथा संस्थान अर्थ योजना के अनुसार इस कार्य को समय के साथ पूर्ण करने का आश्वासन दिया। संस्थान के महासचिव राधाकिशन तंवर ने गत बैठक की चर्चा की जानकारी दी।

पदाधिकारियों व वरिष्ठ समाज बंधु की बैठक को संबोधित करते हुए संत राम रतन महाराज ने कहा कि समाज में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार अभिवृद्वि जागरण का कार्य अवश्य होना चाहिए। समाज में बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा व संस्कार अभिवृद्वि के आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। समाज जीवन में जिस प्रकार से युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है वह सभी के लिए चिन्तनीय है। उन्होंने कहा कि समाज में सम्बलन व स्वावलंबन का कार्य भी सामाजिक संगठनों को करना चाहिए । समाज में बढ़ते अनाथालय व वृद्वाश्रम की संख्या समाज जीवन में संस्कारों की कमी के कारण है । मातृ देवो भव, पितृ देवो भव व अतिथि देवो भव का भाव बिना संस्कारों के संभव नहीं हो पाता । बैठक में कार्यकारणी सदस्य बाबूलाल परिहार, मकराना के ओमप्रकाश सांखला, रामकुमार सोलंकी, रामकुमार भाटी, भंवरलाल गहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में पांचाराम सोलंकी, गोविंद राम टाक, पारसमल परिहार, धर्मेंद्र सोलंकी, बहादुर सिंह भाटी, कालूराम सोलंकी, जगदीश कच्छावा सहित अनेक बंधु उपस्थित थे ।

बैठक में 1 से 5 दिसंबर तक पंचम पाटोत्सव (देव मंदिर स्मारक लोकार्पण)के आयोजन का भी निर्णय लिया गया । बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि कोरोना गाइड लाइन के परिप्रेक्ष्य में पंचम पाटोत्सव को व्यापक व भव्य रूप से मनाया जाएगा । इसमें प्रथम दिन 1 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा तथा 2, 3 व 4 दिसंबर को भामाशाह सम्मान व धार्मिक कथा आयोजन का भी प्रस्ताव लिया गया तथा 5 दिसंबर रविवार को से माली सैनी समाज के राज्य स्तरीय प्रतिभा समारोह के आयोजन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

# संस्था के जननायक कन्हैया लाल गहलोत का किया बहुमान




सिरोही। माली समाज सेवा संस्थान सिरोही के संस्थापक (जनक) कन्हैया लाल गहलोत शिवगंज को माली समाज छात्रावास सिरोही में अध्यनरत बच्चो की संख्या 181 के पार को देखते हुए छात्रावास में पहुंचे वहां पर इनका जोरदार भव्य स्वागत साफा एवं माला पहनाकर किया गया एवं छात्रों से रूबरू हुए और छात्रों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने बताया कि सन 1991 में इस संस्था को स्थापित किया जब उनका उद्देश्य था कि हमारा समाज पढेगा और हमारे आने वाली पीढ़ी भी इससे लाभान्वित हो सकेगी और हमारे समाज का प्रभुत्व सरकारी सेवाओं में हो इसको देखते हुए संस्था का निर्माण करवाया था। कन्हैयालाल गहलोत के द्वारा जो निस्वार्थ भाव से सेवा का बीज जो बोया था आज वह बीज फल रूपी पौधे के रूप में सरकारी सेवा में चयन दे रहा है।

कन्हैयालाल ने बताया कि संस्था के इतिहास में पहली बार वर्तमान में छात्रों की संख्या 180 के पार पहुंची है यह समाज के लिए बड़े गर्व की बात है और आने वाले समय में माली समाज छात्रावास का अच्छा योगदान रहेगा जिससे युवा विद्यार्थी पढ़ लिख कर समाज का नाम रोशन करेंगे साथ ही उन्होंने वर्तमान कमेटी छात्रावास चेताराम सियाणा एवं समस्त कार्यकारिणी माली समाज सेवा संस्थान सिरोही को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया एवं उन्होंने बताया कि छात्रावास बिना किसी वार्डन के स्व अनुशासित छात्रों द्वारा ही संचालित हो रहा है यह समाज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। बड़े गर्व की बात है कि आज सभी बच्चे स्व अनुशासित अध्ययनरत हैं एवं उन्होंने बताया कि आप छात्रावास के सभी विद्यार्थियों को सरकारी सेवा में चयन पाना है एवं समाज का नाम आगे बढ़ाना है। संस्था में जो नवनिर्मित तीन स्वाध्याय अध्ययन कक्ष एवं एक पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब जिसका फायदा उठाकर आप सभी को अपने लक्ष्य को हासिल करना है।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष चेताराम सुंदेशा, महामंत्री घनश्याम सुंदेशा, श्रम अधिकारी डूंगराराम, बैंक ऑफ इंडिया के सहायक मैनेजर दिनेश माली एवं हीरालाल माली और समस्त छात्रावास के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# संयुक्त माली महासभा बारां एवं राष्ट्रीय फुले सेना के तत्वाधान में वार्षिक अधिवेशन संपन्न












बारां। जिला मुख्यालय पर संयुक्त माली महासभा बारा एवं राष्ट्रीय फुले सेना के तत्वाधान में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन होटल जय जगदम्बे, कोटा रोड, बारा पर देर रात 8.00 बजे तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अतिथि स्वरुप ओमप्रकाश सुमन मिर्जापुर, सोहनलाल सुमन ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस अंता, माधोलाल सुमन एडवोकेट पुरुषोत्तम लाल सुमन छिपाबड़ोद, बिरधीलाल कुशवाह उपसरपंच महरावता, जगदीश सुमन जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय फुले सेना झालावाड, श्रीमती संतोष अरविन्द, श्रीमती चंद्रकला सुमन वार्ड पार्षद बारा, श्रीमती सुनीता सुमन पार्षद प्रत्याशी बारा, मांगीलाल सुमन जिलाध्यक्ष महासंघ, रामलाल सुमन जिलाध्यक्ष महासभा, मुकुट सुमन जिलाध्यक्ष पर्यावरण काँग्रेस, दिनेश सैनी नगर अध्यक्ष बसपा बारा, कन्हैयालाल सुमन अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण परिषद् बारा आदि रहे।

कार्यक्रम में पधारे सभी लोगो का स्वागत समिति के प्रेमचंद सुमन, नरोत्तम सुमन, गजेन्द्र सुमन, हेमराज सुमन, श्याम बिहारी चोहान, राजेंद्र सुमन पार्षद, महावीर सुमन छिनोद, कालूराम सुमन, कन्हैयालाल सुमन छिपाबड़ोद, जगमोहन सुमन भेरूपुरा, धन्नालाल सुमन, पटेल बाबूलाल मांगरोल, हीरालाल सुमन, सूरजमल सुमन बगली आदि के द्वारा तिलक लगाकर, फुल मालाओं, साफा पहनाकर और शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। सभी अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले को फुल अर्पित किये, पश्चात् राष्ट्रीय फुले सुना के नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष भरतलाल सैनी का स्वागत किया गया। सोशल मीडिया प्रभारी विजय सुमन, मोहनलाल सुमन पत्रकार माली लहर आदि ने व्यक्तिश जिम्मेदारियां निभाई। कार्यक्रम में वक्ताओ द्वारा राष्ट्रीय फुले सेना की स्थापना व उद्देश्यों एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला, सम्पूर्ण राजस्थान में विस्तार व संगठन की जानकारी दी।

जिले व संभाग में हमारा समाज और हम किस स्थिति और परिस्थिति में है। शिक्षा, संगठनों में,संस्कारो में, रोजगार में, व्यापार में और राजनीति में हमारी स्थिति क्या है और हमारे अधिकार क्या है इस पर सामूहिक चिंतन किया गया। संयुक्त माली समाज का एक मंच पर होना इस कार्यक्रम की सफलता का प्रतिफल रहा। जिसमें फुल माली, धीवर, कुशवाह और राजभोई, सैनी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। समाज में हमारी भूमिका भागीदारी, सहयोग और एकता पर बल दिया गया और निर्णय लिया गया की हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पंहुचाने वाले व्यक्तियों को उजागर करने का निर्णय लिया गया। बारां जिला मुख्यालय पर फुले दम्पति की आदम कद मूर्ति स्थापना एवं माता सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास व फुले दम्पति स्मृति संग्रहालय के निर्माण का निर्णय लिया। महात्मा ज्योतीराव फुले सहकार समिति की मासिक बचत और रजिस्ट्रेशन की समिक्षा की गई और सदस्य आमंत्रित किये गये, महात्मा ज्योतीराव फुले कर्मचारी कल्याण के विस्तार और कार्यो की समीक्षा की गयी। साथ ही हाडोती क्षेत्र के अधिवक्ताओ का अधिवेशन सम्मलेन करने का निर्णय लिया व समाज को विधिक जागरूक करने का निर्णय लिया गया। रीट की परीक्षा में समाज व संगठन द्वारा किये गये कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सहयोगी भामाशाहो का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं समापन पर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। ऐसे आयोजनों से सामाजिक जन जागृति अवश्य आती है।

# पुर्वजों की पुण्यतिथी पर जरुरतमंद की फीस भरकर समाजसेवा की मिसाल पेश की



अजमेर। माली सैनी समाज के सम्माननीय समाजसेवा में हमेशा आगे रहने वाले भारतीय नौसेना पनडुब्बी से सेवानिवृत, बिजनेस मैन, भामाशाह त्रिलोकचन्द इंदौरा ने अपने पिताजी स्व. पन्नालाल इंदौरा की पुण्यतिथि को अजमेर माली समाज के जरूरत मन्द बच्चो की शिक्षा हेतु 61000/- रू की घोषणा की हैं।

इस पुनित कार्य के लिए आज आपके पिताजी की आत्मा बहुत ही प्रसन्न हो रही होगी। अजमेर माली सैनी समाज की संस्थाऐं के माध्यम से बच्चों की स्कूल में जमा करवाये गये। माता सावित्री बाई फुले महिला सैनी संस्थान तोपदड़ा, अजमेर और ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति, गेहलोता की डूंगरी, अजमेर के द्वारा बालक बालिकाओं की विद्यालय मे जाकर आवश्यकता के अनुसार प्रधानाचार्य को जमा करवाने मे व्यतिगत स्तर पर पहुंचकर जमा करवायी। इस सेवा कार्य मे मेडम शारदा मालाकार, प्रदीप कच्छावाह, हेमेन्द्र सिगोदिया का योगदान प्रमुख रहा। इसके लिए अजमेर माली समाज भामाशाह इंदौरा साहब का हार्दिकधन्यवाद आभार ओर अभिनन्दन प्रकट किया।

माली सैनी समाज के अधिकतर समाज बंधु मध्यम परिवार से हैं ओर कोरोना महामारी के कारण आय के साधनों की कमी हो गई।सारे रोजगार धंधे चौपट हो गये। जिससे अभिभावकों को बच्चों को पढाने मे परेशानी आ रही थी। सरकारी स्कूलों की मनमानी फीस से कुछ हदतक परेशानी से राहत मिली। भामाशाह इंदौरा साहब की इस समाजसेवा मुहीम मे समाज के जरूरत मन्द बच्चों के शिक्षा हेतु अन्य समाजबंधु आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं जिसमें अध्यापिका अंजली पंवार द्वारा 5000/-, मेडम शारदा मालाकार द्वारा 5000/-सहयोग रहा।

इसके अलावा माता सावित्रीबाई फुले, महिला संस्थान, अजमेर की सदस्य श्रीमति सुलोचना कच्छावाह द्वारा राजकीय बालिका विधालय गुलाबबाड़ी, अजमेर के माध्यम से 'ब्यूटी पार्लर कोर्स' के अनर्तगत प्रक्षिक्षण दे कर सैकडों बालिकाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं। इनके ब्यूटी पार्लर प्रक्षिक्षण मे बडे दर्पण की जरूरत थी उनको ध्यान मे रखते हुये 2000/- की राशि देकर सहायता की गई। निश्चय ही ऐसे छोटे छोटे प्रयासों से समाज के अनेकों जरूरतमंद युवक युवतियों का सहयोग कर रोजगार प्राप्ति में सामाजिक संस्थाऐं अपनी सहभागिता निभा सकती है।

# अब विद्यार्थी पढेंगे माँ गोराधाय के जीवन के बारे में राजस्थान सरकार ने स्कूल कोर्स में किया शामिल

जोधपुर। मारवाड के इतिहास की महानायिका,अमर बलिदानी, विरागंना मां गोरां धाय टांक, मण्डोर निवासी मनोहरसिंह भलावत (गहलोत) माली की धर्म पत्नी व नौ कोटी मारवाड महाराजा अजित सिंहजी की धाय मां थी। आपने महाराजा जसवंत सिंहजी की मृत्यु के बाद मुगल बादशाह- ओरगंजेब की चगुंल से बाल महाराजा एवं मारवाड उत्तराधिकारी -बालक अजित सिंह को शाही पहरे एवं सैनिक बंदोबस्त के बीच अपने बालक -मोहन को अजित सिंह की जगह सुलाकर व बालक अजित सिंह को बक्सम की ओडली में ऊपर झाड-भुस डालकर स्वयं सफाई कर्मी का रुप धारण कर हाथ में लम्बा झाडु धारण कर मुगल सैनिको के कडे पहरे के बीच शाही सैनिको की आँखो में धुल झोककर अजित सिंह को दिल्ली से सुरक्षित निकालकर वीर दुर्गादास की योजनानुसार पुर्व तय स्थान पर जयदेवजी पुरोहित के साथ मिलकर मारवाड के धणी व राठौड वंश के वारिश का पालन-पोषण कर मारवाड के सरदारों से मिलकर पुन: राज्याभिषेक कर राजगद्दी सुपुर्द की थी । इतिहास की इस महानायिका को राज्य सरकार ने स्कुल शिक्षा की कक्षा -10 वीं के पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर लिया है। अब विद्यार्थी उनकी देशभक्ति, स्वामी भक्ति एवं व्यक्तित्व से प्रेरणा लेंगे। इस महाअभियान में समाज के कई वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजनों का प्रयास एवं सहयोग रहा है और आगे भी इस क्रम में प्रयासरत है निरूसन्देह वे बधाई के पात्र है।

# ललित और राकेश माली ने CA की परीक्षा में सफलता प्राप्त की

**बेटों को पढ़ाने के लिए दिन-रात 'टेंपो चलाया बेटा मिठाई लेकर पहुंचा तो फफक पड़े पिता मोहनलाल माली'**

पाली। इंद्रा कॉलोनी ऑटो चालक मोहनलाल माली के दोनों पुत्रों ने सोमवार को सीए की सफलता प्राप्त की। फैक्ट्रियों से कपड़ों की गांठे उठा लोडिंग टैक्सी में एक दूसरी जगह पहुंचाने का काम करने वाले मोहनलाल माली के पुत्र राकेश और ललित ने अपने पिता की अथक मेहनत की कमाई से प्राप्त शिक्षा से सीए बन अपने पिता को शानदार तोहफा दिया। सीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद राकेश जब अपने पिता को मिठाई खिलाने पहुंचा तब पिताजी टैक्सी में कपड़ों की गांठे डाल रहे थे जैसे ही उन्हें मालूम पड़ा कि उनके दोनों पुत्र राकेश और ललित ने सीए में सफलता प्राप्त की है तो उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े समाज के दोनों नौजवान युवाओं की सफलता के चर्चे पूरे शहर के साथ समाज में हो रहे हैं दोनों ही युवाओं ने अपने पिता के सपनों को साकार कर उन्हें यह बड़ा तोहफा प्रदान किया है हम ललित और राकेश की इस सफलता पर माली सैनी संदेश परिवार की और से हार्दिक बधाई देने के साथ उनके पिता का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपने दोनों पुत्रों की पढ़ाई के लिए दिन रात मेहनत की और आज उनके दोनों पुत्रों ने सीए बन उन्हें गौरवान्वित किया ।



# युवाओं के लिए आधुनिक व तकनीकी शिक्षा जरुरी

## माली समाज दिग्दर्शिका 2021 का विमोचन

बालोतरा। माली समाज सर्वोदय सोसायटी, संत शिरोमणी लिखमारामजी शिक्षण संस्थान एवं माली समाज बालोतरा के संयुक्त तत्वाधान में माली समाज दिग्दर्शिका 2021 का विमोचन रविवार को दोपहर 12 बजे संत राघवदास महाराज, नरसिंगदास महाराज, रामेश्वरदास महाराज एवं भक्तराज जसराज गहलोत के सानिध्य में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्मारिका का विमोचन केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, रिको निदेशक सुनील परिहार, विधायक मदन प्रजापत, सभापति सुमित्रा जैन, उप सभापति हेमलता सुंदेशा, प्रधान भगवतसिंह जसोल, सरपंच ईश्वरसिंह जसोल एवं ज्योतिबा फूले जागृति मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला के कर कमलों से किया गया।

स्मारिका विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि बेटा-बेटियों की शिक्षा के लिए माली समाज द्वारा बनाए जा रहे छात्रावास का प्रयास अनुकरणीय है। चौधरी ने युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण में अहम भागीदारी निभाने की अपील की। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने माली समाज स्मारिका को समाज का दस्तावेज बताते हुए कहा कि इसमें समूचे माली समाज 84 खेड़ा का विवरण है और बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थान का निर्माण स्वागत योग्य है। गहलोत ने छात्रों को आधुनिक छात्रावास के साथ तकनीकि शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने पर बल दिया। रिको निदेशक सुनील परिहार ने सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में बंधने का आह्वान करते हुए माली समाज दिग्दर्शिका के कार्य की सराहना की। विधायक मदन प्रजापत ने सामाजिक सरोकारों को शिक्षा व दीक्षा के माध्यम से पहुंचाने के लिए बनाएं जा रहे शिक्षण संस्थान की पहल को अविस्मरणीय बताया।

स्मारिका विमोचन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, दानदाताओं एवं समाजसेवी संगठनों ने माली समाज के विभिन्न संस्थानों के लिए सहयोग की घोषणाएं की तथा समाज की और उनका साफा व माला पहनाकर स्वागत कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान अध्यक्ष अचलचंद गहलोत एवं महेश बी चौहान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र गहलोत, गणपत पंवार, पार्वती गहलोत ने किया। समारोह के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी, भामाशाहों एवं सरकारी भतह्व में नव चयनित होनहारों का सम्मान किया गया। आरएएस नव चयनित गणेश पंवार, भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर चयनित होने पर गणेश परमार, डॉ. गणपत कच्छवाह, डॉ. गौतम सुंदेशा, गौतम सुंदेशा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. राहुल परिहार, डॉ. मुकेश पंवार, इंजी. पवन गहलोत, चंपालाल सुंदेशा, माणकचंद गहलोत तथा समाज के पार्षद सरपंच उपसरपंच सीईटीपी सदस्यों का सम्मान किया गया। इस दौरान मंगलाराम पंवार, मेवाराम एवं भजन गायक नरेश गहलोत ने शिक्षाप्रद गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाजसेवी बाबूलाल गहलोत, जगदीश पंवार मोहनलाल कच्छवाह, घेवरचंद पंवार, चंद्रप्रकाश गहलोत, प्रेम पंवार, रामचंद्र कच्छवाह, मंगलाराम टांक, देवाराम कुंडल, हेमाराम पंवार धारणा, बाबूलाल महिलावास, देवाराम सोलंकी जसोल, पारसमल टांक समदड़ी, सांवलाराम सिवाना, पारमल चौहान, अशोक कच्छवाह, जितेंद्र गहलोत, माणकचंद कच्छवाह, वगताराम परिहार, प्रहलादाराम परिहार, महेंद्र सुंदेशा, वतन गहलोत, सुरेश कच्छवाह, भंवरलाल गहलोत, भगवती पंवार, सुनीता कच्छवाह, कंचन माली, प्रिया गहलोत सीमा पंवार सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।










# 2022 में मेर परीक्षा है आप मेरा साथ देना : केशव प्रसाद मौर्य

मेरठ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अपने केशव पर भरोसा रखना, मैं जीवन में कभी आपका सिर झुकने नहीं दूंगा। 2022 के चुनाव में मेरी परीक्षा है, मेरा साथ देना। इस चुनाव में सभी को केशव प्रसाद बनकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी होगी। केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को बाईपास स्थित गॉडविन होटल में सैनी समाज पिछड़ा वर्ग की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सैनी समाज सहित सभी पिछड़ी जातियों को सम्मान दिलाया जाएगा। सैनी समाज ने जिस प्रकार 2014, 2017 और 2019 के चुनाव में भाजपा को जीत दिलाई, उसी प्रकार 2022 में भी जीत दिलानी होगी। 2019 में जब सपा-बसपा-रालोद का गठबंधन हुआ तो सभी को चिंता थी लेकिन मुझे अपने भाइयों यानी समस्त पिछड़ी जातियों पर भरोसा था। उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा जीती। आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद नहीं बल्कि समाज के समस्त लोग हैं। चुनाव के दौरान दूसरे दलों के लोग भ्रमित करने पहुंचेंगे। कुछ लोग समाज को तोड़ने का भी प्रयास करेंगे, लेकिन उनसे सावधान रहना। अपने लक्ष्य से भटकना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर समय की बाध्यता नहीं होती तो मैं अपने समाज के बीच रात्रि विश्राम करता।

समारोह के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता समय सिंह सैनी ने डिप्टी सीएम को पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर स्वागत किया। समय सिंह ने कहा कि पूरा समाज केशव जी के साथ है, उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनवाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सुमन सैनी ने किया। सांसद राजेंद्र अग्रवाल,



जिला अध्यक्ष विमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, पूर्व विधायक हरपाल सैनी, सैनी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी, श्रीपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन महकार सैनी, शाहपुर चेयरमैन परमेश सैनी, शिकारपुर की पूर्व चेयरपर्सन राजबाला, भाजपा नेता बिजेंद्र अग्रवाल, बिजनौर सैनी समाज के जिलाध्यक्ष आनंद सैनी, मुरादाबाद सैनी समाज के अध्यक्ष करण सिंह सैनी, सुंदर पाल सैनी, राम सिंह सैनी, सभासद संजय सैनी, रेनू सैनी, वीर सिंह सैनी, ब्रजवीर सिंह सैनी, व्यापारी नेता नीरज मित्तल, मांगेराम गुर्जर, इंद्रपाल सैनी, विनोद उपाध्याय, पदम सैनी आदि मौजूद रहे।

# गौरव सैनी ने फाइनल में जगह बना जीता सिल्वर पदक

नई दिल्ली। भारत के नौजवान मुक्केबाज गौरव सैनी ने दुबई में किर्गिस्तान के जकीरोव मुखमदाजीज को हराकर एएसबीसी यूथ एंड जनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जुनियर लड़कों के 70 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ गौरव ने कम से कम रजत पदक पका कर लिया था। फाइनल में गौरव उज्जबेकिस्तान के बालटेव शवकेन से कड़े मुकाबले में हार गए।

इससे पहले के सभी मुकाबलों में हरियाणा के मुक्केबाज गौरव अच्छे फॉर्म दिखे और अपने प्रतिद्वंद्वी जकीरोव मुखमदाजीज के कुछ प्रतिरोध के बावजूद उन्होंने लाइट मिडलवेट वर्ग में 4-1 से आसान जीत गौरव के अलावा तीन अन्य भारतीय मुकेबाजों-आशीष (54 किग्रा),अंशुल (57 किग्रा) और भारत जून (+81 किग्रा) ने भी दमदार प्रदर्शन के साथ तीसरे दिन सेमीफाइनल में प्रवेश करने के साथ कम से कम कांस्य पदक पका कर लिया है। इससे पहले रोहित चमोली (48 किग्रा) और अंकुश (66 किग्रा) ने जूनियर लड़कों के वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए अपने लिए पदक पके किए थे।

आशीष ने अपने प्रतिद्वंद्वी ताजिकिस्तान के रहमानोव जाफर पर 5-0 से एकतरफा मुकाबले में



जीत दर्ज। वहीं अंशुल नेअपने प्रतिद्वंद्वी मंसूर खालिद पर शुरू से हावी रहते हुए जीत दर्ज। अंशुल को रेफरी ने खालिद के खिलाफ मुकाबला बीच में रोक कर विजयी घोषित किया। भारत को एक अन्य उज्वेक मुक्केबाज केनेस्बाएव अयनाजर टॉलीबे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से मिली जीत में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत के अन्य मुक्केबाज कृष पाल (46 किग्रा) और प्रीत मलिक (63 किग्रा) को अपने अपने क्वार्टर फाइनल हार गए।

सात युवा पुरुष मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा), विक्टर शेखोम सिंह (54 किगा), विजय सिंह (57 किग्रा), रवीचंद्र सिंह (60 किग्रा), वंशज (64 किग्रा), दक्ष सिंह (67 किग्रा) और जयदीप रावत (71 किग्रा) अपने अपने क्वॉर्टर फाइनल खेलेंगे। ये सातों अपने अपने कश्वर्टर फाइनल जीत कर चौथे दिन अपने पदक पक्का करना चाहेंगे। यह पहला ऐसा अवसर है कि एशियाई चैंपियनशिप में जूनियर और युवा दोनों आयु वर्ग एक साथ खेले जा रहे हैं। लगभग दो वर्षों के अंतराल के बाद एशियाई स्तर पर होनहार युवा प्रतिभाओं के लिए चल रही एशियाई चैंपियनशिप बहुत जरूरी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट हैए जो महामारी के कारण रोक दी गई थी। भारत के मुक्केबाजों ने पहले ही इस आयोजन में देश को 25 से अधिक पदक दिलाने का वादा किया है। इस चैंपियनशिप में कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान जैसे मजबूत देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

युवा गौरव सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# समाज के विकास में जनप्रतिनिधि अपनी भागीदारी निभाएं : भूपेन्द्र सैनी



दोसा। ज्योतिबा फुले सैनी समाज छात्रावास में सैनी समाजके पंचायती राजचुनाव में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन नगर पालिका चौमू विष्णु सैनी, तूंगा पंचायत समिति के उप प्रधान राजेंद्र सैनी, भावना सैनी, सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष सचिन सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि भूपेंद्र सैनी ने कहा कि समाज के विकास में जनप्रतिनिधियों को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर विकास के कार्य करें, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिले। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता। कार्यक्रम में ममता सैनी, मीना सैनी का शॉल उड़ाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुकेश कुमार सैनी, प्रहलाद सैनी, इंदिरा सैनी, मूली देवी, रमेश चंद सैनी, सुखराम सैनी, मीरा देवी, इमरती देवी, ममता सैनी, उर्मिला सैनी, मीरा सैनी, राधेश्याम सैनी, संतोष सैनी, नरेश सैनी, स्वरूपी देवी, रतिराम सैनी, पंकज कुमार सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, ललिता सैनी, हेमलता सैनी, अनिता सैनी, देवी राम, सुमन सैनी, सीता सैनी, मनभर देवी, राजंती देवी सैनी, जितेंद्र कुमार सैनी, बच्चूलाल सैनी, कृष्णा सैनी को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

छात्रावास समिति के उपाध्यक्ष पार्षद पुरण सैनी ने समिति के कार्यों की जानकारी दी। सचिव लल्लू प्रसाद सैनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन कछात्रावास समिति के अध्यक्ष छोटराम सैनी ने बताया कि जंबूरी देवी पत्नी कल्याण सहाय सैनी खारया कुआं दौसा ने छात्रावास में एक कक्ष के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी तरह सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष सचिन सैनी की ओर से 30 हजार रुपए आरओ के लिए भेंट किए जिसका मौके पर लोकार्पण कराया गया।

# अनुबंध क्लीनिक का हुआ शुभारंभ श्री जगन्नाथ सिंह गहलोत देगें सेवाएं



जोधपुर। अनुबंध क्लीनिक का आज हुआ शुभारंभ मंडोर रोड़ नीमा निम्बड़ी स्थित अनुबंध वृद्वजन कुटीर में अब सेवा विस्तार के साथ ही परिसर में अनुबंध क्लीनिक का शुभारंभ 17 अगस्त को हुआ। समाज के सेवाभावी पूर्व नर्सिग अधीक्षक जगन्नाथ सिंह गहलोत नियमित रूप से अपनी सेवाएं यहां प्रदान करेगें। पूर्व में भी आप अपनी ड्यूटी के पश्चात प्रतिदिन यहां अपनी सेवाएं दे रहे थे। अनुराधा आडवाणी ने बताया कि अनुबंध वृद्वजन कुटीर कई सालों से वृद्वजनों की सेवा में जुटा हुआ है। वहीं अब परिसर में अनुबंध क्लीनिक शुरू किया जा रहा है। सभी व्यक्तियों के लिए क्लीनिक पर पूरी तरह से नि:शुल्क सेवाएं दी जाएगी। जिसमें सभी लोगों के लिए डॉक्टरी जांच, नर्सिग सेवाएं, ईसीजी, बीपी व शूगर जांच, ड्रेसिंग, आक्सीजन सुविधा व दवाइयां पूरी तरह से नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। क्लीनिक नियमित तौर पर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक खुलेगा।


संतोष सांखला 9252067133 9414359805

नेमीचंद सांखला 9529551444

आ. पी. तंवर 9414117306

तंवर मार्बल

मूर्ति एण्ड हैण्डीक्राफ्ट

हमारे यहां मार्बल स्लैब, टाईल्स, मंदिर मूर्ति, जाली, पालकी, मार्बल फ्लॉवर व हैण्डीक्राफ्ट आदि का कार्य किया जाता है।



M Marble Art (Android Apps on Gooble Play Store)

E-Mail : marbletanwar@gmail.com

शोरूम : सैनी कॉम्पलैक्स, 1 फ्लोर, शॉप नं. 40, रेल्वे स्टेशन के पास, मकराना ( राज. )

# हार्दिक बधाई

## सतीश रेड्डी



युवा राजनीतिज्ञ (विधायक , बोमनहल्ली, कर्नाटक) के विधानसभा कर्नाटक के मुख्य सचेतक बनने पर

## जगदीश तंवर



क्रोशिया में आयोजित यंग सीनियर विश्व टेनिस प्रतियोगिता में लॉन टेनिस में जीता दूसरा अंतराष्ट्रीय पदक

## रामेश्वर भाटी



सुमेरपुर थाना अधिकारी को मिला डीजी डिस्क अवार्ड अपराध, प्रशासन, कानून व्यवस्था एवं इंटेलिजेंस के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्य हेतु

## हीरालाल सैनी



जिला प्रमुख दौसा बनने पर

## श्रीमती प्रेमा गहलोत



उप प्रधान बोरूंदा बनने पर

## जयसिंह गहलोत



उप प्रधान कैरू बनने पर

## श्रीमती सुमन सैनी



पंचायत समिति गीजगढ़ से विजयी होने पर

## श्रीमती मिनाक्षी सैनी



पंचायत समिति गोविंदगढ़ से विजयी होने पर

## श्रीमती बुद्धिदेवी सैनी



पंचायत समिति आकेड़ा डूंगर से विजयी होने पर

## श्रीमती मीरादेवी सांखला



पंचायत समिति सदस्य चौपासनी चारणान बनने पर

## श्रीमती तुलसीदेवी गहलोत



पंचायत समिति सदस्य तिंवरी बनने पर

## श्रीमती मिनाक्षी देवड़ा



जिला परिषद सदस्य मथानियां में विजयी होने पर

## श्रीमती विमला सोलंकी



पंचायत समिति सदस्य कैरू बनने पर

## श्रीमती मीरादेवी सैनी



पंचायत समिति झोटवाड़ा से विजयी होने पर

## राधेश्याम सैनी



पंचायत समिति जालसू से विजयी होने पर

## दीपक सांखला



युवा अधिकारी दीपक सांखला के जोधपुर तहसीलदार पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं





## प्रवीण गहलोत

जेडीए, जोधपुर के प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत को स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट एवं सरहानीय सेवा कार्य के लिए सम्मानित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# माली सैनी सन्देश







## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि ?**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर कॉम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रू. 600/-** | **5 वर्ष रू. 1,500/-** | **आजीवन रू. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

# जोधपुर की सुनिता भाटी ने केबीसी में जीते 50 लाख






कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट पर मंगलवार को जोधपुर की सुनीता भाटी बैठेंगी। शो में 50 लाख जीत चुकी सुनीता से होस्ट अमिताभ बच्चन एक करोड़ का सवाल पूछेंगे। सुनीता 21 साल से शो में भाग लेने के लिए प्रयास कर रही थीं। आरएएस में चयनित, बैंक के एग्जाम में क्लियर होने वाली सुनीता ने सेवा के लिए नर्स का पेशा चुना। महामंदिर निवासी सुनीता पेशे से नर्स ग्रेड द्वितीय पद पर रेलवे हॉस्पिटल में कार्यरत हैं। पति सुमित भाटी मार्केटिंग और ट्रेडिंग का काम करते हैं। सुनीता ने बताया कि बचपन उनका साधारण परिवार में बीता। पिता बस ड्राइवर थे, पर उनकी नॉलेज ने आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित किया। केबीसी वर्ष 2000 से ही देख रही हूं और प्रयास किए कि कभी बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठूं। लगातार प्रयास करने के बाद आखिरकार इस बार मई में मेरा सलेक्शन हुआ। फर्स्ट लेवल पार किया। इसके बाद आगे के राउंड क्लियर करते हुए 13 सितंबर को मुंबई में शो की शूटिंग हुई। सुनीता ने बताया कि बिग बी के सामने बैठना सपना सच होने के समान है। क्योंकि आज तक टीवी पर देखा है। यह बात मैंने अमिताभ बच्चन को बताई भी है। उन्होंने कहा कि पीहर व ससुराल वाले बिग बी के फैन हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में लोन लेकर मकान बनाया था। उसकी किस्त चुकाने के लिए केबीसी में जाने का सपना था। कई परीक्षा पास कर चुकी हैं सुनीता नर्स ग्रेड द्वितीय से पहले सुनीता ने कई कॉम्पीटिशन एग्जाम दिए हैं, क्लियर भी हुई। बैंकिंग के दो एग्जाम दे चुकी हैं। साथ ही साथ 2012 में आरएएस में चयन हो चुका था और को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर का जॉब मिला। पर ट्रांसफर जॉब होने के कारण जॉइन नहीं किया। उन्होंने जीएनएम, बीएससी की स्टडी की हुई है। सुनीता के एक बेटी है। रिश्तेदारों व पड़ोस में खुशी का माहौल सुनीता ने बताया कि जब वे केबीसी से लौटीं और सब को पता चला कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है तो सब सेलिब्रेट करने लगे। परिवार में, ससुराल में, पीहर में, सोसायटी में सब खुश हुए। सुनीता ने बताया कि पहला राउंड खास नहीं है, क्योंकि उसमें कंप्यूटर रेंडमली सलेक्ट करता है। पर उसके बाद के राउंड में नॉलेज की जरूरत होती है। इसलिए बेहतर है कि हम कुछ ना कुछ पढ़ते रहें। टीवी भी देखें तो नॉलेज देने वाली सामग्री देखें।

# भाटी ने 75 साफों की पगड़ी बांधकर बनाया विश्व रिकार्ड



बीकानेर। सुजानदेसर निवासी कमल भाटी पुत्र चांदमल भाटी ने अपने बड़े भाई नवरतन भाटी के सिर पर विश्व की सबसे बड़ी और सबसे कम समय में पगड़ी बांधकर विश्व रिकार्ड बनाया है। कमल ने 75 साफे की पगड़ी मात्र 30 मिनट में बांधी है जिनकी लम्बाई 675 मीटर और 2250 फीट है कमल ने बताया कि वह हर तरह का साफा और पगड़ी बांधने में एक्सपर्ट है। जोधपुरी साफा, बीकानेरी मोरपंखी, मेवाड़ी पगड़ी, गुजराती पगड़ी बाजीराव पेशवा की पगड़ी और विभिन्न प्रकार की पगड़ी बांधने में माहिर है। अपने हाथ की अंगुलियों में व माचिस की तीली में छोटी छोटी पगड़ी बांधकर अपने हुनर को दिखाया है खास बात यह हे कि कमल भाटी अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर भी पगड़ी बांध सकते है।





Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23




# निर्मल गहलोत

## द्वारा वर्ल्ड रिकार्ड बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शिक्षाविद निर्मल गहलोत के द्वारा MY FM Radio पर 51 घंटे ON AIR कैरियर कॉउंसलिंग मैराथन का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं। निर्मल गहलोत द्वारा अभी हाल ही में आयोजित हुई रिट परीक्षा में 60,000 परीक्षार्थियों को स्वादिष्ट शुद्ध भोजन दिया गया और इस कार्य के लिए पूरे जोधपुर में शानदार प्रबंधन कर सेवा के नए आयाम स्थापित किये गए थे। इस अवसर पर निर्मल गहलोत का माली सैनी समाज सेवा संस्थान द्वारा साफा, कर्मवीर समाज गौरव सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में धर्मेंद्र सांखला, योगाचार्य श्याम भाटी, अर्जुन गहलोत, प्रेम सिंह गहलोत, विनीत भाटी, संजय गहलोत सहित अनेकों युवाओं और संस्था के पदाधिकारियों ने निर्मल गहलोत द्वारा मैराथन रिकॉर्ड बनानें पर अभिनंदन कर उनको शुभकामनाऐं प्रेषित की।





जो तूफानों में किनारे तक पहुंचा दे,
ऐसी अब कश्तियाँ नहीं मिलती
गम को गले से लगा कर खुशी बांटे,
ऐसी जादू की झप्पियाँ नहीं मिलती
खुद के लिए जूझने वाले इस जहाँ में,
एक ढूंढों तो हजारों मिल जायेंगे
दूसरों की खुशी के लिए जूझने वाली,
आप जैसी हस्तियां नहीं मिलती।

सम्मान-पत्र
Honour latter

आदरणीय श्रीमान निर्मल गहलोत

महोदय
आपके अथक परिश्रम, शिक्षा प्रेम, समाज सेवा, दृढ़ संकल्प एवं समर्पित बहुमुखी प्रतिभा से सर्व समाज लाभान्वित होता रहा है।
आप विरासत में मिली परंपरा एवं संस्कृति का समाज में सदैव प्रचार - प्रसार करने हेतु तत्पर रहते हैं।
आपकी कर्मठता, दृढ़ता, विनम्रता, सहजता, दूरदर्शिता, संकल्पशीलता एवं उदारता से आप ने समाज में अनुकरणीय व्यक्तित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। आप के बहुमुखी व्यक्तित्व, कृतित्व एवं प्रतिभा-दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए हम आपको सम्मान स्वरूप

कर्मवीर समाज रत्न

शुक्रवार 01 अक्टूबर 2021

सम्मान से आपको विभूषित करते हुए यह मानपत्र सादर समर्पित करते है। इस अवसर पर सविनय प्रमाणपूर्वक हम आपके स्वस्थ, सुखी, कर्मशील सृजनरत दीर्घायु की मंगल कामना करते हैं।

आपके गुणमुग्ध प्रशंसक, मित्र एवं शुभाकांक्षी

माली सैनी समाज सेवा संस्थान परिवार



स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR